पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से पुणे के छात्र-छात्राओं ने भेंट की

लखनऊः 15 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज तहसील बारामती, पुणे के छात्र-छात्राओं का एक दल राजभवन में मिला। जनहित प्रतिष्ठांचे प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय, बारामती के यह सभी छात्र कक्षा नौ के हैं जो मातृभूमि दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश की सैर पर आये हैं। बच्चों ने राजभवन का भी भ्रमण किया तथा इससे पूर्व सभी छात्रों ने लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतों व अन्य स्थलों को भी देखा।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश 20 करोड़ आबादी वाला प्रदेश है जो कई देशों से भी बड़ा है। राजभवन की इमारत 200 वर्ष पुरानी है। राजभवन उद्यान में गौशाला व फलदार वृक्षों के साथ-साथ खेती तथा सब्जी उत्पादन जैविक खाद द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजभवन में वर्षा जल संचयन, जैविक कूड़े से उर्वरक बनाने का संयत्र तथा हेलीपैड के साथ-साथ धन्वंतरि वाटिका भी है।

राज्यपाल ने बताया कि वे मुम्बई उनकी शुरूआती पढ़ाई सांगली, महाराष्ट्र में हुयी तथा उन्होंने बी0काम0 की परीक्षा पुणे से उत्तीर्ण की। उन्होंने मुम्बई में नौकरी की तथा उत्तर मुम्बई से तीन बार विधायक व पांच बार सांसद भी रहे। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्रालय व अन्य मंत्रालय जिसमें वे काम कर चुके हैं, उसके बारे में भी बच्चों को जानकारी दी।